3. **वे व्यक्ति : जिन्हें भाग लेने की अनुमति नहीं है.**—लेकिन, नई व्यवस्था में निम्नलिखित प्रकार के व्यक्तियों को सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, अर्थात् वे व्यक्ति :—

(1) जो पिछली व्यापार व्यवस्थाओं में "अनुमोदित आयातकों" की सूची से अपंजीकृत कर दिए गए हैं । (लेकिन वे "अनुमोदित आयातक" जो चार साल की अवधि के लिए निष्क्रय रहे हैं और जो सार्वजनिक सूचना सं० 240–आई टी सी (पी एन)/68, दिनांक 4–11–68 के अनुसार अपंजीकृत किए गए हैं, यदि वे इस सार्वजनिक सूचना की शर्तों के अनुसार अन्यथा पात्र हैं, तो उनको इस व्यवस्था में सम्मिलित होने की अनुमति दी जाएगी) : अथवा

(2) जो आयात/निर्यात व्यापार नियंत्रण नियमों और विनियमों के अधीन आयात/निर्यात लाइसेंस/रिहाई आदेश प्राप्त करने से बहिष्कृत कर दिए गए हैं, अथवा :

(3) जिन्होंने पिछली भारत अफगान व्यापार व्यवस्थाओं के अन्तर्गत प्रति संतुलन आभारों को पूरा नहीं किया है ।

4. **तीसरे देश को अपवर्तन नहीं.**—दोनों सरकारों के बीच यह सहमति हुई है कि एक देश द्वारा दूसरे देश से आयातित माल का केवल आयात करने वाले देश में खपत के लिए उपयोग किया जाएगा । यदि किसी मामले में अफगानिस्तान से आयातित अथवा उसको निर्यातित माल का तीसरे देश को अपवर्तन किया जाएगा तो सख्त कारवाई की जाएगी । अनुसूचि बी–1 की पण्य वस्तुओं के

निर्यातकों को अफगान सीमाशुल्क विभाग के माध्यम से निकासी के प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने होंगे। इस कार्य के लिए अफगान सीमाशुल्क विभाग के निकासी दर्शाते हुए एक फोटोस्टेट प्रतिलिपि या दस्तावेज की एक प्रमाणित प्रतिलिपि निर्यातक द्वारा भारतीय सीमाशुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करनी होगी।

5. **व्यापारियों को पद्धति का दुरुपयोग बन्द करना चाहिए—कीमतों को संतुलित रखना.**— व्यापारियों को इस बात का सुनिश्चिय करने की सलाह दी जाती है कि उचित मूल्य वसूले जाते हैं और यह कि भारत तथा अफगानिस्तान के उपभोक्ताओं/उत्पादकों के हित और संतुष्टि के लिए और भारतीय निर्यात उत्पादों का विकास करने तथा नानाविध बनाने के लिए वर्तमान पद्धति का उपयोग किया जाता है। उन्हें यह भी सुनिश्चिय करना चाहिए कि बिक्री के बाद सेवा का निपुणता से पालन किया जाता है। यदि भारतीय और अफगान उत्पादों के उत्पादकों और उपभोक्ताओं के हित में और दोनों देशों के बीच व्यापार की लाभप्रद वृद्धि और बहुमुखता के विरुद्ध व्यापार व्यवस्था का उपयोग किया जाएगा तो यथोचित दन्दात्मक कारवाई की जाएगी।

क्रियाविधि संबंधी मामले (1) **लाइसेंस प्राधिकारी**.—आयातक सीमाशुल्क निकासी परमिटों के लिए अपने आवेदन-पत्रों को नीचे प्रदर्शित अधिकार क्षेत्र के अनुसार संबंधित लाइसेंस प्राधिकारी को प्रस्तुत करें:—

लाइसेंस प्राधिकारी	अधिकार क्षेत्र जिसमें आयातक स्थित है
संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, न्यू सी० जी० ओ० बिल्डिंग न्यू मरिन लाइन्स, चर्चगेट, बम्बई–1	महाराष्ट्र, गुजरात, न्यू कांडला, गोवा, दमन, दिव, दादरा तथा नगर हवेली, मध्य प्रदेश, आन्ध्र, तमिलनाडु, पांडिचेरी, कारिकल, माहे, यनम, मैसूर, केरल, लकादिव मिनिकाय और आमिन्दिव द्वीप।
संयुक्त मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात, (केन्द्रीय लाइसेंस क्षेत्र) इन्द्रप्रस्थ भवन, इन्द्रप्रस्थ इस्टेट, नई दिल्ली।	दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, प० बंगाल, अन्दमान, और निकोबार द्वीप उड़ीसा, असम, नागालैंड मेघालय, त्रिपुरा, अरुणाचल, मणिपुर, मिजोराम।
नियंत्रक, आयात-निर्यात, सेन्ट्रल रिवेन्यू बिल्डिंग, दि माल, अमृतसर।	पंजाब, हरियाणा, चन्दीगढ़, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर।

7. (2) **सीमाशुल्क निकासी परमिटों के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करना और दस्तावेज जो प्रस्तुत करने हैं.**—कंडिका 11 की शर्तों के अधीन, आयातकों को सीमाशुल्क निकासी परिमटों के लिए निर्धारित प्रपत्र में और विहित रीति से अन्य बातों के साथ साथ माल का लागत-बीमा भाड़ा मूल्य निर्दिष्ट करते हुए बीजकों और राजकोष रसीदों के साथ आवेदन करना चाहिए। बीजक में माल्ता, दर, कुल जहाज-पर्यन्त, निःशुल्क मूल्य, भाड़ा बीमा और कुल लागत-बीमा-भाड़ा मूल्य स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट करना चाहिए।

8. (3) **अपूर्ण आवेदन-पत्र अस्वीकार किए जा सकते हैं**.—सीमाशुल्क निकासी परमिटों के लिए आवेदनपत्र और प्रस्तुत किए गए दस्तावेज सब प्रकार से पूर्ण होने चाहिएं । इससे सीमाशुल्क निकासी परमिट, जो अनुलिपि सहित जारी किए जाएंगे उन्हें शीघ्र जारी करने में सुविधा होगी । अधूरे आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा ।

9. (4) **बीजकों, विक्रय और क्रय दस्तावेजों का प्रस्तुत करना**.—सीमाशुल्क निकासी परमिटों के लिए आवेदन करते समय आयातकों द्वारा संबंद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों को सीमाशुल्क निकासी परमिटों के अधीन आयातित माल के मूल्य का निश्चय करने के लिए बीजक और समुचित विक्रय क्रय दस्तावेज तथा अन्य संगत दस्तावेज प्रस्तुत करने आवश्यक हैं । संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहने पर आयातकों के विरुद्ध दंडात्मक कारवाई की जाएगी ।

10. (5) **"प्रथम आयात" अनुसूची**.—वे जो प्रथम बार आयात करेंगे, उन्हें आगे यथा-निर्दिष्ट क्रियाविधि का अनुसरण करना होगा :—

11. चक्र को प्रारम्भ करने के लिए सूखे फलों के आयात के लिए सीमाशुल्क निकासी परमिटों की अनुमति पात्र आवेदकों को दी जाएगी :—

(क) **आयातक** :—इन तीन वर्षों अर्थात अगस्त, 1968, जुलाई, 1969, अगस्त, 1969–जुलाई, 1970 तथा अगस्त, 1970 जुलाई, 1971 में से किसी एक वर्ष के दौरान अफगानिस्तान से उसके/उनके सूखे फलों के आयातों के मूल्य के $12\frac{1}{2}\%$ की सीमा तक यह अधिक से अधिक 1,50,000 रु० मूल्य के अधीन है ।

या

(ख) **निर्यातक** .—इन तीन वर्षों अर्थात अगस्त, 1968–जुलाई, 1969, अगस्त, 1969–जुलाई, 1970 और अगस्त, 1970–जलाई, 1971 में से किसी एक वर्ष के दौरान अनुसूची 'बी 1' मदों के उसके/उनके अफगानिस्तान को सर्वोतम वर्ष के वास्तविक निर्यात के मूल्य के 5 प्रतिशत की सीमा तक और उसी वर्ष के दौरान अनसूची 'बी० 2' मदों के उसके/उनके अफगानिस्तान को वास्तविक निर्यात मूल्य के $12\frac{1}{2}$ प्रतिशत की सीमा तक, यह अधिक से अधिक 1,50,000 रु० मूल्य के अधीन है ।

(ग) **अन्य** :—50,000 रु० (पचास हजार रुपये मात्र) की सीमा तक बशर्ते कि निर्यातों के प्रति संतुलन को सुनिश्चित करने के लिए आयातों के मूल्य के 50 प्रतिशत के बराबर बैंक गारंटी प्रस्तुत की जाए ।

प्रत्येक पात्र आवेदक को सीमाशुल्क निकासी परमिटों की अनुमति **उपर्युक्त तीन श्रेणियों में से केवल किसी एक श्रेणी के अधीन दी जाएगी।**

टिप्पणी :—(क) के अधीन भूतकालीन आयातों का परिकलन करने के लिए ऐसा माल .....हिसाब में लेना चाहिए जो अगस्त, 1968–जुलाई 1969, अगस्त 1969 जुलाई, 1970 और अगस्त 1970–जुलाई 1971 तीन वर्षों के दौरान भारत में खपत के लिए (आयात शुल्क चुकाने के बाद) सीमा-शुल्क विभाग द्वारा वास्तव में निकासी किया गया था ।

12. (6) **अनुसूची "बी–2" की मदों का निर्यात-संतुलन 50% से कम न हो।**—ताजा फलों और चमड़े तथा खालों से भिन्न अनुसूची "ए" में सूचीबद्ध मदों के अफगानिस्तान से आयात के लिए सीमाशुल्क निकासी परमिट पात्र आवेदकों को इस शर्त के अधीन जारी किए जायेंगे कि अनुसूची "बी–2" में सूचीबद्ध मदों का भारत से निर्यात का प्रतिसंतुलन 50% से कम नहीं है।

13. (7) **प्रति-निर्यात दायित्व के 80% को पूर्ण करने पर ही आगे सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी किए जाएंगे।**—सूखे फलों के आयात के लिए किसी आवेदक को तब तक और सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी नहीं किया जाएगा जब तक वह संबद्ध लाइसेंस प्राधिकारी की संतुष्टि साक्ष्य प्रस्तुत न कर दे कि उसने पिछला सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी होने की तिथि से तीन महीनों की अवधि के भीतर अपना प्रति-निर्यात आभार कम से कम 80% की सीमा तक अनुसूची "बी–1" और "बी–2" की मदों के बीच निर्धारित अनुपात में पूर्ण किया था, अर्थात् निर्यातों में कम से कम 50% निर्यात अनुसूची "बी–2" की मदों का होना चाहिए।

14. (8) **हींग, जीरा बीजों और औषधीय बूटियों का आयात।**—अफगानिस्तान से हींग, जीरा बीजों और औषधीय बूटियों* के आयात की अनुमति किसी भी ऐसे पात्र व्यक्ति को इस सार्वजनिक सूचना की शर्तों के अधीन दी जाएगी जिसके आयात अनुसूची "बी–1" और "बी–2" मदों के निर्यातों द्वारा निर्धारित अनुपात में पूर्वोक्त कंडिकाओं में यथा उल्लिखित पिछला सीमाशुल्क निकासी परमिट जारी होने की तिथि से तीन महीनों की अवधि के भीतर प्रति संतुलित हैं।

*औषधियों औषधीय बूटियों के सत्त और अफगानिस्तान में उत्पादित पौधों (देखिये अनसूची "ए" का भारत में आयात और भेषजों, औषधियों तथा प्रतिजीविकी (देखिये अनुसूची "बी–2") का अफगानिस्तान को निर्यात दोनों देशों की नेशनल फार्मुलरी, यदि कोई हो, में उनके पंजीकरण और उनकी शुद्धता तथा गुण के निर्धारित स्तरों के संतुष्टिप्रद होने के अधीन है। भारत में इन मदों के इच्छुक आयातकों को भेषज नियंत्रक, नई दिल्ली से इन मदों के गुण और शुद्धता का मूल रूप में एक प्रमाणपत्र लाइसेंस प्राधिकारियों को प्रस्तुत करना चाहिए।

15. (9) **निर्यात प्रथम यात्रा।**—अनुसूची "1-बी" और "बी–2" मदों के प्रथम निर्यातों की अनुमति पात्र निर्यातकों को 50,000 रु० (पचास हजार रुपये मात्र) के मूल्य तक या तीन सालों अर्थात् अगस्त '68–जुलाई '69, अगस्त '69–जुलाई '70 और अगस्त '70–जुलाई '71 में से किसी एक साल में अफगानिस्तान को किए गए सब से अच्छे साल के वास्तविक निर्यातों के मूल्य के 25% जो मूल्य में 1,50,000 रुपये से अधिक न हो, तक दी जाएगी। यह अनुमति 50% के बराबर बैंक गारंटी प्रस्तुत करने के अधीन होगी।

16. भारत से निर्यात के लिए अगामी अनुमति तब तक नहीं दी जाएगी जब तक भारत के रिजर्व बैंक की संतुष्टि के लिए प्रलेखीय साक्ष्य नहीं प्रस्तुत कर दिए जाते कि उसमें प्रथम प्रेषण के निर्यात की तारीख के तीन माह की अवधि के भीतर अपने प्रतिआयात आभार को पूरा कर दिया था जो अफगानिस्तान को उसके किए गए निर्यात का 80 प्रतिशत की सीमा से कम नहीं है।

17. पूर्व की प्रारम्भिक कंडिका 11 और 15 में उल्लिखित बैंक गारंटियों को कंडिका 6 में उल्लिखित लाइसेंस प्राधिकारियों को प्रस्तुत करने चाहिए जो कार्य की जांच करेंगे और गारंटी को लागू करेंगे। जब निर्यात या आयात, जैसा भी मामला हो, निर्धारित अवधि के भीतर, कंडिका 20 में उल्लिखित प्रेलेखों के साक्ष्य के अनुसार, तत्सम्बन्धी आयात या निर्यात द्वारा प्रतिसंतुलित

कर दिए गए हैं, तो उपर्युक्त बैंक गारंटियां समाप्त हो जायेंगी । वे आयातक/निर्यातक जो अपेक्षित "बैंक गारंटी" की प्राप्ति के लिए अपने बैंकों में नकद की सारी राशि को जमा करने में कठिनाई महसूस कर रहे हैं, यदि वे इस के लिए इच्छुक हैं तो वे अपनी ओर से, ई० सी० जी० सी० [निर्यात साख और गारंटी निगम, भारत, एक्सप्रैस टावर्स (10वीं मंजिल), नारीमन पोइन्ट, बम्बई–1] से "निर्यात कार्य सम्पादन गारंटी* प्राप्त करने के लिए अपने बैंकरों से सिफारिश करें ।

*आयातकों/निर्यातकों को बैंक गारंटी को जिसे उन्हें अपने आयात/निर्यात व्यापार के दौरान प्रस्तुत करना है, उन्हें प्राप्त करने में सहायता मिले, "निर्यात कार्य सम्पादन गारंटी" ई० सी० जी० सी० द्वारा खोली गई है । गारंटी देने के लिए बैंक निर्यातकों से नकद परिवर्तनीय धनराशि को जमा करने की अपेक्षा रखता है, जो उनकी स्थिति पर निर्भर है । जिस सीमा तक उन्हें नकद जमा करना है, उनके स्रोत अवरुद्ध है । यह गारंटी आयातकों/निर्यातकों को बिना किसी प्रकार नकद राशि जमा किए या जमा करने की राशि की सीमा में कमी कर बैंक गारंटी प्राप्त करने में सहायता करना चाहती है ।

18. (5) **आयात और निर्यात आभार को पूरा करने की समय सरणि**—पूर्व की कंडिकाओं में किसी बात को शामिल होते हुए भी, सभी आयातों और निर्यातों को 28 फरवरी, 1973 तक प्रतिसंतुलित करने हैं । आयातकों/निर्यातकों को संलग्न प्रपत्र (अनुबन्ध–3) में आयात-निर्यात तथा उनके द्वारा पूरा किए गए प्रतिसंतुलन आभार के सम्बन्ध में मासिक सूचना प्रस्तुत करने की जरूरत है ताकि वह अनुवर्ती माह की 7 तारीख तक सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारियों के पास पहुंच सके ।

19. (6) **निर्यात/आयात आभार को पूरा न करने पर दण्ड** :—वे जो पूरे किए गए अपने आयात/निर्यात प्रतिसंतुलित आभार से सम्बद्ध लाइसेंस प्राधिकारी/भारत के रिजर्व बैंक को संतुष्ट करने में असफल होंगे वे भविष्य में भारत-अफगान व्यापार में सहयोग देने के योग्य नहीं होंगे और यह कार्रवाई किसी भी अन्य दंडनीय कार्रवाई जिसमें बैंक गारंटी का अपवर्तन भी शामिल है, जो आयात व्यापार नियंत्रण/सीमा-शुल्क/विदेशी मुद्रा-विनिमय नियमो और विनियमों के अन्तर्गत उनके विरुद्ध की जाने वाली है, बिना किसी पक्षपात की होगी ।

20. (7) **प्रलेखीय साक्ष्य जो प्रलेख प्रस्तुत किए जाने हैं**:—उपर्युक्त उल्लिखित के लिए निम्नलिखित प्रलेख प्रलेखीय साक्ष्य होंगे :—

आयात : आयात-पत्र की तीन प्रतियां तथा सीमाशुल्क द्वारा साक्ष्यांकित संबंधित बीजक, यदि सौदा बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से किया गया है तो बैंक मीमों ।

निर्यात : लदान पत्र तथा सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा विधिवत् सत्यापित बीजक जिसमें वास्तविक निर्यात कीये गये अनुसूची–'बी–1' तथा 'बी–2' के उत्पाद के मूल्य और अन्य विवरणों का संकेत होना चाहिए ।

21. (8) **सीमाशुल्क निकासी परमिट की वैधता**.—सीमाशुल्क निकासी परमिट सूखे फलों, हींग, जीरा बीज तथा जड़ी-बूटी के आयात के लिए जारी की गई तिथि से तीन माह तक वैध होंगे ।

22. (9) **सीमा शुल्क निकासी का वितरण**.—सीमाशुल्क प्राधिकारी सीमाशुल्क निकासी परमिट की सीमाशुल्क प्रयोजन प्रति को सम्बद्ध लाईसेंस प्राधिकारी को माल के वास्तविक किए गए उपयोग और प्रत्येक सीमाशुल्क निकासी परमिट में शामिल किये गये मूल्य को परमिट के पीछे निर्धारित प्रपत्र में संकेतित करते हुए सीधे भेजेंगे । वर्तमान नियमानुसार तृतीय प्रति को आयातक को लौटा दी जायेगी जो विधिवत् मुहर तथा हस्ताक्षर युक्त भारत के रिजर्व बैंक को प्रस्तुत की जानी है ।

23. (10) **पारगमन प्रमाण-पत्र का वितरण**.—आयातक जब सीमा-शुल्क निकासी परमिटों को संबंधित लाइसेंस प्राधिकारियों के पास प्रस्तुत कर रहे हों तो राजकीय अफगान सरकार द्वारा जारी किये पारगमन प्रमाण-पत्र की पांच प्रतियां भी प्रस्तुत करनी चाहिए । सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा प्राप्त किये गये प्रमाण-पत्रों की एक प्रति उनके द्वारा रख ली जायेगी । द्वितीय प्रति भारत के रिजर्व बैंक को अग्रसारित की जायेगी, तीसरी तथा चौथी प्रति को मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात के कार्यालय, नई दिल्ली से राजकीय अफगान सरकार तथा काबुल स्थित भारतीय राजदूतावास को आगे की कार्रवाई के लिए अग्रसारित की जायेगी । पांचवीं प्रति सीमा-शुल्क प्राधिकारियों द्वारा सम्बन्धित लाइसेंस प्राधिकारी को अग्रसारित की जानी है ।

24. **बंधक माल गोदाम की सुविधाएं**.—सट्टेबाजी प्रवृत्तियों को प्रोत्साहन न देने के विचार से बंधक तथा मालगोदाम की सुविधाएं साधारणतः भारत में सीमाशुल्क पत्तनों पर उपलब्ध नहीं कराई जायेंगी । लेकिन, ग्रीष्म ऋतु में गोदाम को सुविधाजनक बनाने के लिए बंधक सुविधा 1 मार्च से 31 अक्तूबर के बीच की अवधि में 6 मास से अधिक की अवधि तक नहीं दी जायेगी और यह बादाम तथा खस्ता से भिन्न केवल अन्य सूखे फलों के लिए सीमित है । माल गोदाम सूखे फलों की निकासी 31 अक्तूबर से पहले सीमाशुल्क कर का चुकता करने पर होगी ।

तत्क्षण खरीद के आधार पर निर्यात किया जाना—सीमित छूट :—अफगानिस्तान से भारत में वस्तुओं का आयात केवल तत्क्षण खरीद के आधार पर किया जाना चाहिए और परेषण के आधार पर किसी प्रकार के आयात की अनुमति नहीं दी जाएगी । लेकिन, बादाम तथा खस्ता को छोड़कर अन्य सूखे फलों के सम्बन्ध में छूट दी गई है जिनका आयात अफगानिस्तान से परेषण के आधार पर किया जा सकता है और सीमाशुल्क बंधक माल गोदाम 1 मार्च से 31 अक्तूबर के बीच की अधिक से अधिक 6 मास की अवधि तक रखे जा सकते हैं । इस प्रकार के स्वीकृत परेषण जो आयात किया जाना है को बंधक अवधि अर्थात् अधिक से अधिक 31 अक्तूबर को इसे अवश्य बेच दिया जाना चाहिए अन्यथा दंडनीय कार्रवाई की जायेगी । विक्रय बीजकों को जांच के लिए सीमा-शुल्क प्राधिकारियों को प्रस्तुत करना चाहिए । दूसरे शब्दों में, बादाम तथा खस्ता को छोड़कर अन्य सूखे फल जो बंधक में नहीं रखे जाने हैं, उनका आयात तत्क्षण खरीद के आधार पर किया जाना चाहिए। परेषण के आधार पर किया गया आयात उपर्युक्त व्यवस्था के अन्दर सुरक्षित किया जाता है, तो उसे अनधिकृत समझा जाएगा तथा आयातकों पर आयात व्यापार नियंत्रण/सीमाशुल्क विनियमों के अन्तर्गत दंडनीय कार्रवाई की जायेगी ।

26. **बैंकिंग सूत्र**.—भारत और अफगानिस्तान के बैंकिंग सूत्रों के माध्यम से व्यापार विनिमय मार्ग—निर्धारण करने की संभावना की खोज करने पर दोनों सरकारें राजी हैं कि अफगानिस्तान से हींग का आयात कर इसे शुरू किया जायेगा । इस सम्बन्ध में विस्तृत व्यवस्था अलग से घोषित की जायेगी ।

27. गत **अवधि के आयात निर्यात प्रतिसंतुलन**:—विदेश व्यापार मंत्रालय की सार्वजनिक सूचनाएं संख्या : 93–आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 31–7–71, संख्या : 136–आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 8–10–71 संख्या : 157–आईटीसी (पीएन)/71, दिनांक 15–11–71, संख्या : 10–आईटीसी (पीएन)/72, दिनांक 22–1–72 की व्यवस्थाओं के अनुसार अफगानिस्तान से सूखे फलों के किए गये आयातों को अधिक से अधिक 31 जुलाई, 1972 तक प्रतिसंतुलित कर लेना चाहिए। 29 फरवरी, 1972 तक अफगानिस्तान को किए गये अग्रिम निर्यातों के सम्बन्ध में प्रतिआयात आभार को पूरा करने की अन्तिम तारीख सार्वजनिक सूचना संख्या : 10–आईटीसी (पीएन)/72, दिनांक 22–1–72 में दी गई व्यवस्था के अनुसार 31 मार्च, 1972 होगी।

28. **अफगानिस्तान को प्रति निर्यातों के लिये मूल्यांकन करने की विधि**.—वर्तमान व्यापार व्यवस्था अवधि के दौरान भारत से अफगानिस्तान को किये गये प्रति निर्यातों के मूल्य को निश्चित करने के लिए अफगान माल का मूल्यांकन करने की निम्नलिखित विधि होगी:—

> अफगान माल, चाहे वे तत्क्षण खरीद के आधार पर या उपर्युक्त कंडिका 25 के अनुसार आयातित हैं, उनका मूल्यांकन भारतीय सीमा शुल्क द्वारा स्वीकृत बीजकों के आधार पर किया जाना चाहिए। प्रति निर्यातों का मूल्य उपर्युक्त संकेतित विधि से निश्चित किये गये के अनुसार आयातों के मूल्य के बराबर किया जाना चाहिए।]

29. **भुगतान की विधि**.—इस व्यवस्था के अन्तर्गत विनिमय की गई वस्तुओं के भुगतान जिनका उल्लेख अनुसूची–ए में किया गया है जिनमें चमड़े और खाल तथा अनुसूची 'बी–1' और 'बी–2' शामिल नहीं हैं, भारत के रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित ई० पी० प्रक्रियों के अनुसार किया जायेगा। अनुसूची–ए, 'बी–1' तथा 'बी 2' के अन्तर्गत नहीं आने वाली वस्तुओं के आयात और निर्यात के लिए भुगतान परिवर्तनीय यू० एस० डालर या पौंड स्टर्लिंग में साख-पत्र की स्थापना कर दी जायेंगी। चमड़े तथा खाल के सम्बन्ध में भुगतान की व्यवस्था को अनुबन्ध–1 की कंडिका 4 (डी) में पहले ही संकेतित कर दिया गया है।

30. **स्वतंत्र विदेशी मुद्रा के मद अनुसूची बी-1 तथा बी-२ की मदों का निर्यात**.—व्यापारी की सूचना के लिए यह स्पष्ट किया जाता है कि अनुसूची 'बी–1' तथा अनुसूची 'बी–2' के अन्तर्गत आने वाली वस्तुओं का निर्यात भी किसी भी मात्रा में अफगानिस्तान को परिवर्तनीय यू०एस० डालर या पौंड स्टर्लिंग में साख-पत्र की स्थापना कर भुगतान की मद्दे की जा सकती है।

अनुबन्ध ।

1972–73 के लिए भारत-अफगान व्यापार व्यवस्था

अफगान की राजकीय सरकार के वाणिज्य मंत्री महामान्य श्री एम० आरेफ गासी के नेतृत्व में आफिगानिस्तान के एक शिष्टमंडल तथा भारत सरकार के विदेश व्यापार मंत्री श्री एल० ए० मिश्र के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल की व्यापार वार्ता 18 फरवरी से 20 फरवरी, 1972 तक दिल्ली में हुई ।

2. दोनों शिष्टमंडल ने पहले के तीन वर्षों के दौरान की भारत-अफगान व्यापार की कार्य पद्धति के सभी पहलुओं की पुनरीक्षा की तथा 1972–73 के लिए व्यापार व्यवस्था पर विचार किया । उन लोगों ने यह नोट किया कि व्यापार की नानाविधिता के लिए विकास को सीमित कर दिया गया है । दोनो देशों के शिष्टमंडल ने पारस्परिक लाभ के लिए भारत और अफगानिस्तान के बीच व्यापार की उन्नति करने, उसमें विकास करने तथा उसको नानाविधि बनाने व्यापार की एक मुखता को समाप्त करने और वर्तमान पद्धति में उत्पन्न कठिनाइयो को दूर करने के अपने संकल्प की पुनः पुष्टि की ।

3. भारत सरकार तथा अफगान की राजकीय सरकार इस बात पर राजी हुई कि संयुक्त उद्यम के माध्यम से औषधीय बूटियो के सत्तों के उत्पादन के लिये तथा अफगनिस्तान में उपजाए हुए पौधों के लिए अफगानिस्तान में संयंत्र की स्थापना के लिए वे सुविधाएं प्रदान करेंगे । भारत ने इन सत्तों का अपने खुद के औषधीय उद्योगों में 20 वर्षों की अवधि तक प्रयोग करने के लिए प्रस्ताव रखा । अफगानिस्तान ने भारत में निर्मित चिकित्सालयी तथा शल्य उपकरणों और अन्य शल्य संभरणो की खरीद करने की अपनी इच्छा जाहिर की । आगे दोनो शिष्टमंडल दोनों देशों में निर्मित दवाइयों और औषधियों का आयात करने पर राजी हुए । चूंकि इस दिशा में आगे कदम बढ़ाना है, अतः दोनो सरकारो के सम्बद्ध प्राधिकारी उनकी नेशनल फार्मुलरी में, यदि कोई हो, औषधीयों का उत्पादन किया जाता है तो इसके पंजीकरण की अनुमति देंगे । किन्तु यह शुद्धता तथा गुण के निर्धारित मानको के संतुष्टीकरण के अधीन है ।

4. राजकीय अफगान सरकार और भारत सरकार के बीच हुई 1950 की संधि के अनुच्छेद 15 की शर्तों के अनुसार और उन के अपने अपने आयात, निर्यात तथा विदेशी मुद्रा विनिमय विनियमों के अधीन और दोनों सरकारों के बीच वर्षानुवर्ष पूर्ण की जाने वाली विशेष व्यापार व्यवस्थाओं के अधीन, दोनों सरकारों ने निम्नलिखित के लिए अपनी सहमति की पुनः पुष्टि की :—

(क) अनुसूची 'ए' की पण्य वस्तुओं के अफगानिस्तान से भारत में आयात की अनुमति किसी भी ऐसे व्यक्ति को दी जाएगी जिसके आयात अनुसूची 'बी–1' तथा 'बी–2' की पण्य वस्तुओं के निर्धारित अनुपात में भारत के निर्यातों द्वारा प्रति संतुलित है ।

(ख) अनुसूची 'बी–1' और 'बी–2' की पण्य वस्तुओं की भारत से निर्यात की अनुमति ऐसे व्यक्ति को निर्धारित अनुपात में दी जाएगी जिसके निर्यात अफगानिस्तान से अनुसूची 'ए' की पण्य वस्तुओं के आयातों द्वारा प्रतिसंतुलित है ।

(ग) अनुसूची 'ए', 'बी–1' और 'बी–2' में न आने वाली पण्य वस्तुओं के आयातों और निर्यातों के लिए भुगतान साधन स्थापित करके हस्तांतरणीय यू०एस० डालर या पौंड स्टर्लिंग में किए जाएंगे ।

(घ) दा अफगानिस्तान बैंक द्वारा स्टेट बैंक आफ इन्डिया के साथ रखा गया विशेष स्वतः संतुलन लेखा भारत से माल और सेवाओं के निर्यातों के बदले उदार आधार पर चमड़े और खालों के आयातों को सुविधाजनक बनाने के लिए जारी रहेगा ।

5 भारत सरकार और अफगानिस्तान की राजकीय सरकार के बीच यह समझौता है कि एक देश से दूसरे देश द्वारा आयातित माल आयात करने वाले देश में खपत के लिए उपयोग किया जाएगा और उस माल का तीसरे देश को अपवर्तन निषेध करने और रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे ।

6. दोनों सरकारें इस व्यवस्था की कार्य पद्धति में हुई किसी भी कठिनाई को दूर करने के विचार से उपर्युक्त व्यवस्था की पुनरीक्षा के लिए एक दूसरे से परामर्श करेंगी ।

7. यह व्यवस्था 1 मार्च, 1972 से लागू होगी और एक वर्ष तक वैध रहेगी । जब तक दोनों संविदा पार्टियों में से कोई इस संविदा की समाप्ति के एक माह पूर्व इसे खतम करने या इसमें संशोधन करने की सूचना नहीं देती तो यह अपने आप एक और वर्ष की अवधि के लिए बढ़ जाएगी । व्यवस्था के द्वितीय वर्ष के समाप्त होने पर, जब तक दोनों पार्टियों में से कोई द्वितीय वर्ष की समाप्ति के एक माह पूर्व इसे खतम करने या इसमें संशोधन करने की सूचना नहीं देती तो यह एक वर्ष और अवधि के लिए अपने-आप बढ़ जाएगी ।

इस 20 फरवरी, 1972 के दिन को नई दिल्ली में हस्ताक्षरित ।

(ह०) एम० आरेफ गोंस्सी,
वाणिज्य मंत्री
राजकीय अफगान सरकार,
अफगान व्यापार शिष्टमंडल
के नेता ।

(ह०) एल० एन० मिश्र,
विदेश व्यापार मंत्री,
भारत सरकार,
भारतीय व्यापार शिष्टमंडल
के नेता ।

अनुबंध 2

अनुसूची 'ए'

अफगानिस्तान से भारत को निर्यात की जाने वाली वस्तुएं

फल (हर किस्म के सूखे तथा ताजा फल)

हींग

जीरे के बीज

चमड़े तथा खालें

अफगानिस्तान में उत्पादित औषधियां, औषधीय बूटियों के सत्त और पौधे औषधीय बूटियां (नीचे बताए गए के अनुसार)

अंग्रेजी	फारसी
हीसम	जूफा
रोजा रोज फलावर (सूखा)	गुले गुलाब
बरलास (बोरेज)	गुले गाव जेबान
बयुहन्स (बोरेज)	बह दाना
ह्वाइट एण्ड रेड बेहमेन (उर्दू)	बेहमने (सफीद वा सूर्ख)
जुजवे	अोनाव
रतन ज्योत (हिन्दी)	यालैन्ड
माश्रा	तुरंजवीन
डोरोमकम	दाराबेन्ज
माश्रा (अलाफारिस स्पिनेसा से लिया गया)	शीर-खैस्त
लिक्वेरिक (मुलेटी)	शिरीन बोया
वाइल्ड करेट	शक्कुल

कोई अन्य वस्तु जो दो सरकारों के मध्य मान ली जाए।

अनबंध 'बी'–1

भारत से अफगानिस्तान को निर्यात के लिए वस्तुएं

1. सी टी सी तथा चूरा के अतिरिक्त चाय
2. कोफी
3. इलायची (छोटी तथा बड़ी)
4. मिर्च
5. तम्बाकू-कच्चा तथा अनिर्मित
6. नारियल जटा तथा जटा उत्पादें
7. रंगने वाले तथा शल्कन पदार्थ (प्राकृति)
8. हर्रे और हर्रे सत्त ।
9. व्यक्तिगत दल द्वारा आयातित चर्म उत्पादें ।
10. व्यक्तिगत दल द्वारा आयातित नारियल जटा उत्पादें ।
11. सूती रेशे, सूती अट्टी और सूती धागे :

अनुसूची 'बी'—2

भारत से अफगानिस्तान को निर्यात की जाने वाली वस्तुएं:—

1. वस्त्र:—मिल तथा हस्त निर्मित जिसमें सूती साड़ियां, रेयन तथा ऊन शामिल है होजरी तथा बुने हुए सूती वस्त्र पहनावे, रेयन तथा ऊन; अन्य सूती उत्पादें रेयन तथा ऊन; साड़ियों के कपड़े, साड़ियों, गुलबन्दों और जरी को छोड़कर वस्त्र तथा रेशम की अन्य उत्पादें ।

2. खाद्य उत्पादें

मिष्ठान
मछली—सूखी तथा नमकीन |
फिश प्रान्स—सूखी
परिरक्षित आम तथा तरकारी उत्पादें ।
आवश्यक वस्तुएं तथा तेलवाले स्टोर्स
साबूदाना
टपीका तथा उसके उत्पाद,
गन्ने का गुड़/गन्ने के गुड़ पाउडर (भारतीय गुड़) ।

3. कृषि उ पादें :

हाइड्रोजनीकृत तेल जैसे :—बनस्पति या बतस्पति घी, वनस्पति तेल तथा तेल के बीज

4. रसायनिक उत्पाद तथा साबुन—

रसायन तथा रसायनिक उपक्रम ।

5. दवाई, औषधीयां तथा प्रतिजैविकी

सैरा तथा वैक्सीत,
अफीम के एलकोलायड्स तथा उससे बने हुए
नेप्थेलीन ।
साबुन—श्रृंगार सामग्री तथा घरेलू वस्तुएं,
आवश्यक श्रृंगार सामग्री तथा सुगन्धित पेन्टस, पिगमेंट तथा वार्निश ।

6. इंजीनयरी सामान :

मुद्रण मशीनें ,
डीजल इंजन
डीजल इंजन द्वारा संचालित पम्प तथा बिजली की मोटरें,
सिलाई मशीने,
साइकिलें तथा उनके पुर्जे
वस्त्र मशीनें जैसे उनके पुर्जे
वस्त्र मशीने जैसे कार्डिंग मशीन तथा बुनाई करघा ।
मशीन औजार
हाथ औजार तथा छोटे औजार, छोटे नदी जलयान ।
गन्ना पेलने वाली मशीनें ,

चावल, आटा तथा तेल निकालने वाली मशीनें ।
बाल बियरिंग्स
कृषि संबंधी औजार
आटोमोबाइल के साथ जो पुर्जे भेजे जाते हैं उनके अतिरिक्त आटोमोबाइल पुर्जे/ ग्लाइडर्स ।

7. इलैक्ट्रिकल्स सामान :
विद्युत् साधित्र तथा समायक जैसे कन्डयूट पाइपें, स्विचें, घंटियां,
होल्डरें कटआउटें आदि
इलैक्ट्रोड्स,
बिजली के बल्ब और ट्यूबें,
बिजली के पंखे तथा उनके पुर्जे,
इलेक्ट्रिक टार्च लाइटें,
बैटरिया (सूखी तथा गीली)
इलैक्ट्रिक मोटरें,
इबोनाइट शीट्स, रोड़े तथा ट्यूबें
केबुल तथा तारें ।

8. घरेलू तथा भवन संबंधी वस्तुएं :
बर्तन जिसमें स्टेनलेस स्टील के बर्तन, कुकिंग रेंजिस, हीटर, इलेक्ट्रिक प्रैसे, टोस्टर, केतलियां आदि भी शामिल हैं ।
घरेलू इलैक्ट्रिक फिटिंग तथा फिक्सर,
छत के लिए खपड़े,
ईटें,
लिनोलियम
स्वास्थ्य संबंधी सामान,
जी०आई०पाइप तथा फिटिंग,
मैनहोल ढक्कन तथा प्लेटें,
मिट्टी के तेल से चलने वाले स्टोव,
उद्दीप्त तेल दबाव लैम्प,
तिजोरियां, मजबूत बक्से तथा रूम फिटिंग

9. हार्डवेयर:
ताले तथा पैड लोक,
कटलरी,
बोल्टें, नटें, स्क्रू, और हिन्जस
स्टील के समान और अस्पताल के उपकरण
सभी प्रकार के वैज्ञानिक यंत्र
तोलने वाली मशीनें,
शल्य चिकित्सा तथा मेडिकल यंत्र
स्टील की बाल्टियां

10. रबड़ की बनी चीजें
टायर और ट्यूबें,
रबड़ के बने हुए अन्य सामान ।

11. चमड़े की बनी चीज जो सरकार या सरकारी प्रकमों द्वारा आयतित हैं ।
कृत्रिम चमड़ा माल ।

12. हस्तशिल्प तथा गृह उद्योग उत्पाद लेखन सामग्री और कागज ।

13. विविध :—
सरकार या सरकारी प्रकमों द्वारा आयात की गई प्रदर्शित सिनेमा फिल्में-वाणिज्यिक
सजावटी प्लाइवुड ,
टेबुल सामग्री, शीशे की बोतलें और चूड़ियों सहित कांच सामग्री
कृत्रिम चीनी मिट्टी के दांत
बनावटी पत्थर
किताबें और छपी सामग्री,
सिगरेट
डाक टिकटें,
परिष्कृत खनिज तेल
माइक्रोमेट्स
खेल सामग्री
तापसह ईंटें तथा तापसह मिट्टी ।
रस्से

14. सरकार या सरकारी प्रकमों द्वारा आयातित जूट उत्पादें ।

15. कोई अन्य पण्य वस्तु जिसके लिए दोनों सरकारें रजामन्द हों ।

अनुसूची 'सी'

भारत से निर्यात के लिए प्राप्य उत्पादों की निदर्शी सूची

1. मशीनरी तथा प्लान्ट और उनके पुर्जे, जैसे :

   (1) खनन मशीनरी तथा उपस्कर

   (2) केनिंग मशीनरी और उनके पुर्जे ।

   (3) बूचड़खाना मशीनरी ।

   (4) सीमेंट प्लान्ट्स ।

2. सड़क बनाने तथा निर्माण करने के लिए मशीनरी जैसे :

   (1) सीमेन्ट मिक्सर ।

   (2) ग्राइन्डेटर्स ।

   (3) पत्थर पीसने वाली मशीनें ।

   (4) पोलिश करने वाले यंत्र ।

   (5) रोड रौलर्स ।

   (6) बुल्डोजर्स ।

3. लोहा तथा इस्पात निर्माण सामग्री जो अनुसूची 'बी' में 'हार्डवेयर' शीर्षक के अन्तर्गत उल्लिखित नहीं है ।

4. पेट्रोल पम्प ।

5. विद्युत प्रजनक, वितरण तथा सब-स्टेशन उपस्कर--जिनमें संवहनीय तथा असंवहनीय प्रजनक शामिल है ।

6. वाटर ट्रीटमेंट, स्वेज तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियांत्रिक, उत्पादें ।

7. दूर-संचार उपस्कर जैसें :
   टैलीग्राफ तथा टैलीग्राफ एपरेटस तथा उपस्कर, टैलीफोन उपस्कर आदि ।

8. मोटर गाड़ियां जैसे ट्रक, बस, डम्पस तथा जीप, मोटर गाड़ियों के साथ आयातित पुर्जे तथा उपसाधक भी शामिल हैं ।

9. लकड़ी के काम की मशीन ।

10. प्रशीतक ।

11. ट्रैक्टर ।

12. संपीडक ।

13. लेथे ।

14. ग्रेडर्स ।

15. मध्यवर्ती वातानुकूलित करने वाले उपस्कर

16. लेखामशीन ।

17. काटने के औजार ।

18. फेरस तथा नान-फेरस कास्टिंग और फोर्जिंग ।

19. पी वी सी उत्पादें—जिन में पी वी सी जूते भी शामिल है ।

20. रेडियो रिसिवर ।

21. फेन ।

22. चीनी ।

23. अन्य मदें जो व्यापार समझौते के लिए अनुसूची 'बी 1' तथा अनुसूची 'बी 2' में शामिल नहीं है ।

अनुबंध–3

आयातक/निर्यातक द्वारा भरे जाने वाले झपथ-पत्र प्रारूप

मैं/हम सत्यनिष्ठापूर्वक घोषणा करता हूं/करते हैं कि निम्नलिखित विवरण मेरी/हमारी जानकारी और विश्वास में सत्य और सही है। मुझे/हमें पूर्णरूपेण पता है कि यदि इस विवरण में दी गई कोई सूचना गलत या झूठी पाई जाएगी तो अन्य किसी प्रतिकूल दंडात्मक कार्रवाई जो इस सम्बन्ध में की जा सकती है उसको ध्यान में रखे बिना इस विवरण के आधार पर मुझे/हमें प्रदान किया गया कोई सीमाशुल्क निकासी परमिट/निर्यात परमिट रद्द किया जा सकता है।

सीमा शुल्क निकासी परमिट का ब्योरा

सीमा शुल्क निकासी परमिट संख्या :

निर्गमन का दिनांक :

माल का विवरण :

मूल्य :

हस्ताक्षर.....

नाम साफ अक्षरों में.....

फर्म का नाम और पता.....

दिनांक :

.....को समाप्त होने वाले महीने के लिए	आयात की मद	आयात: चालू करार अवधि के सीमा शुल्क निकासी परमिट के अधीन किए गए आयातों का कस्टम द्वारा निर्धारित मूल्य/ कस्टम द्वारा निर्धारित भार		हस्तान्तरणों के कारण समायोजन		कुल (रुपये)	अनुसूची बी–1 मदें (मूल्य) (रुपये)	अनुसूची बी–2 मदें (मूल्य) (रुपये)	कुल (मूल्य) (रुपये)	निर्यात: प्रतिशतता		बाहुल्य होने/कम पड़ने की प्रतिशतता	
				जोड़ (रुपये)	घटाएं (रुपये)					बी–1 मदें	बी–2 मदें	(+) बी–1 मदें	(–) बी–2 मदें
		कस्टम द्वारा निर्धारित मूल्य (रुपये)	कस्टम द्वारा निर्धारित भार (कि०ग्रा०)										
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
(i) पिछला जोड़													

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
(प्रत्येक *मद के पिछले महीनों के प्रगामी योग दीजिए) (ii) ..... (हीना और वर्ष लिखें और *मदें, भी निर्दिष्ट करें।													

*मदें ये हैं :—

सूखे फल : 1. बादाम—नरम छिलके वाले, सख्त छिलके वाले, बिना छिलके वाले।

2. पिस्ता—छिल्के वाला, बिना छिलके वाला।

3. किशमिश और अन्य सूखे फल।

4. अन्य मदें, हींग, जीरा बीज, औषधीय जड़ी-बूटी।

एम० एम० सेन,

मुख्य नियंत्रक, आयात-निर्यात।

PRINTED BY THE GENERAL MANAGER, GOVERNMENT OF INDIA PRESS, MINTO ROAD, NEW DELHI AND PUBLISHED BY THE MANAGER OF PUBLICATIONS, DELHI, 1972